www.a2zpapers.com

**Exam. Code : 216302**
**Subject Code : 4449**

## M.A. Hindi 2nd Semester

## NATAKKAR MOHAN RAKESH

### Paper—X (i)

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

**नोट :—** भाग 'क' सप्रसंग व्याख्या एवं लघुप्रश्नों का है। भाग 'ख' दीर्घ उत्तरापेक्षी प्रश्नों का है। प्रत्येक भाग के अंक सामने दे दिए गए हैं।

### भाग क

1. निम्नांकित गद्यांशों में से किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिये :— 6×4=24

(क) आज के वे क्षण मैं कभी नहीं भूल सकती। सौन्दर्य का ऐसा साक्षात्कार मैंने कभी नहीं किया। जैसे वह सौन्दर्य अस्पृश्य होते हुए भी मांसल हो। मैं उसे छू सकती थी देख सकती थी, पी सकती थी। तभी मुझे अनुभव हुआ कि वह क्या है जो भावना को कविता का रूप देता है।

(ख) तुम्हारे साथ उसका इतना ही सम्बन्ध है कि तुम एक उपादान हो, जिसके आश्रय से वह अपने से प्रेम कर सकता है, अपने पर गर्व कर सकता है। परन्तु तुम क्या सजीव व्यक्ति नहीं हो ? तुम्हारे प्रति उसका या तुम्हारा कोई कर्त्तव्य नहीं है ?



www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

(ग) उन्होंने बोध प्राप्त किया है, कामानाओं को जीता है परन्तु मैं जानना चाहती हूँ कि कामनाओं को जीता जाये, यह भी क्या मन की एक कामना नहीं ? और ऐसी कामना किसी के मन में क्यों जागती है ?

(घ) ....कितने-कितने बिन्दु खोजे हैं आज तक तुमने ! ....जाओ, एक और बिन्दु खोजो ! कितने-कितने शब्दों में ढाँपा है उन बिन्दुओं को ? ....जाओ, कुछ और शब्द ढूँढों। परन्तु अन्त में कहाँ रह जाते हैं तुम्हारे वे सब बिन्दु ? फिर भी क्या वही-के वही बने रहते हो तुम ?

(ङ) पर धीरे-धीरे हर चीज़ फिर उसी ढर्रे पर लौट आती है। सब-कुछ फिर उसी तरह होने लगता है जब तक कि हम ....जब तक कि हम नए सिरे से उसी खोह में नहीं पहुँच जाते। मैं यहां आती हूँ .... यहां आती हूँ सिर्फ इसीलिए कि..... ।

(च) ठीक है, ठीक है। उस चीज़ को जानकर भी न जानना ही बेहतर है शायद। पर दूसरे को धोखा दे भी ले आदमी, अपने आपको कैसे दे ?

2. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :— 6×4=24

(क) मोहन राकेश की नाट्यभाषा को योगदान बताइये।

(ख) आषाढ़ का एक दिन नाटक के कालिदास के अन्तर्द्वन्द्व को स्पष्ट कीजिये।



www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

(ग) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के नाम की सार्थकता पर विचार कीजिये।

(घ) लहरों के राजहंस का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिये।

(ङ) आधे-अधूरे नाटक की कथ्य चेतना पर प्रकाश डालिये।

(च) आधे-अधूरे नाटक के नाट्यात्मक वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिये।

**भाग—ख**

3. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर दीजिये :— 16×2=32

(क) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक का प्रतिपाद्य स्पष्ट करते हुए इसकी मुख्य समस्याओं पर प्रकाश डालिये।

(ख) लहरों के राजहंस नाटक का नाट्यात्मक वैशिष्ट्य सोदाहरण स्पष्ट कीजिये।

(ग) आधे-अधूरे नाटक की रंगमंचीयता एवं नवीन नाट्य-प्रयोग पर सारगर्भित लेख लिखिये।



www.a2zpapers.com